## गुस्ताखी माफ




नहीं देश में हम तुम्हें, दे पायेंगे काम।
जाकर बनें विदेश में, उनके आप गुलाम।
उनके आप गुलाम, उन्हीं से नाता जोड़ें।
जितनी जल्दी बने, हमारा पीछा छोड़ें।
कह साहिल कविराय, उठायें अभी टोकरी।
परेशान मत करें, मांगकर हमें नौकरी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 182 | THURSDAY 09-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## सतलुज क्लब में मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा सीएम आने पर छिड़ा विवाद

# मेंबर्स ने जताया ऐतराज, रोक के बावजूद पॉलीटिक्ल फंक्शन हुआ, डीसी ने जांच शुरू करवाई, भाजपा के कई पदाधिकारी रखे थे ब्रेकफास्ट से दूर

लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। लुधियाना सतलुज क्लब में 28 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात प्रोग्राम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। जिसमें हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। वहीं उनके अलावा सुखविंदर सिंह बिंद्रा, अनील सरीन समेत कई भाजपा नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। लेकिन अब इस कार्यक्रम को लेकर मेंबर्स द्वारा ऐतराज जताया गया है। मेंबर्स का कहना है कि यह क्लब नॉन पॉलीटिक्ल है, यहां राजनीतिक कार्यक्रम पर मनाही है। लेकिन फिर भी नियमों को ताक पर रखकर यह राजनीतिक समागम कराया गया। मेंबर्स द्वारा क्लब प्रेजिडेंट डीसी हिमांशु जैन से मामले में उच्चित कार्रवाई की मांग की। जिस पर डीसी द्वारा एडीसी को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं। वहीं एक तरफ यह विवाद छिड़ा है, तो दूसरी तरफ चचाएं सामने आई है कि इस समारोह के बाद ब्रेकफास्ट का भी आयोजन था। लेकिन उसमें जिले के मुख्य पदाधिकारियों को एंट्री नहीं दी गई। उन्हें इस प्रोग्राम से दूर रखा गया। अब यह अचानक हुआ या सोच समझकर किया गया, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।





समारोह में पहुंचे सीएम नायब सैनी व अन्य नेता

### भाजपा नेता ने कराया था समारोह

चर्चा है कि यह समारोह भारतीय जनता पार्टी के एक नेता द्वारा आयोजित किया गया था। जिसकी और से सतलुज क्लब का हाल बुक कराया गया था। जहां पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाना था। चर्चा है कि इस समारोह में हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य आतिथि शामिल हुए थे।

### क्लब सदस्यों ने लगाए यह आरोप

इस मामले में क्लब के सदस्यों का आरोप है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह राजनीतिक था, जबकि क्लब के संविधान के अनुसार राजनीतिक गतिविधि आयोजित नहीं की जा सकती थी। लेकिन फिर भी राजनीतिक कार्यक्रम की बुकिंग हुई और सरेआम नियम तोड़ते हुए समारोह कराया गया। हैरानी की बात तो यह है कि समारोह से पहले और मौके पर किसी ने इस मामले को उठाया ही नहीं। वहीं चर्चा है कि क्लब की वर्किंग कमेटी द्वारा भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

### भाजपा नेताओं ने फंक्शन को बताया नॉन पॉलीटिक्ल

वहीं, भाजपा नेता का कहना है कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण था, जिसे पीएमओ की ओर से आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने क्लब में बुकिंग करवाई थी और निर्धारित भुगतान भी किया था।

### भाजपा के मुख्य पदाधिकारी रखे गए दूर

वहीं चर्चा है कि लाइव प्रसारण के बाद ब्रेकफास्ट का भी आयोजन किया गया था। लेकिन भाजपा के जिले के मुख्य पदाधिकारियों को इस समारोह से दूर रखा गया। चर्चा है कि गेस्ट की लिस्ट तक में उनका नाम शामिल नहीं था। हालांकि वे सभी के सामने खड़े थे, लेकिन फिर भी वो ब्रेकफास्ट में शामिल नहीं हो सके। हालांकि इस आयोजन में सिर्फ 20 लोग ही शामिल थे। अब लीडरों को जानबूझकर आमंत्रित नहीं किया या साजिश के तहत यह सब किया, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# पेंशन फाइल अटकाकर मांगी रिश्वत, 30 हजार लेते रंगे हाथ दबोचा गया CPWD का आउटसोर्स क्लर्क

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) के सीपी डिवीजन नंबर-2 में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत एक क्लर्क को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गौरव के रूप में हुई है। वह एक बुजुर्ग कर्मचारी की पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों से जुड़ी फाइल को प्रोसेस करने के बदले रिश्वत मांग रहा था।

विजिलेंस अधिकारियों के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके पिता की पेंशन और अन्य देय वित्तीय लाभों से संबंधित फाइल लंबे समय से लंबित थी। फाइल को आगे बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया पूरी कराने के एवज में क्लर्क गौरव ने 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस सेल



ने मामले का सत्यापन किया और आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की योजना बनाई।

जांच के बाद थाना विजिलेंस, चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर-01, दिनांक 08 जुलाई 2026 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

इसके बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाकर सेक्टर-9 स्थित पुराने यूटी सचिवालय भवन के पीछे आरोपी को शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। पूरी कार्रवाई दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई।

प्रारंभिक जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी पहले भी इसी तरह लोगों से फाइलें पास कराने और पेंशन मामलों में रिश्वत की मांग करता था या नहीं। विजिलेंस अब इस एंगल से भी जांच कर रही है कि मामले में कोई अन्य कर्मचारी या अधिकारी शामिल तो नहीं है।

# जगरांव में कांग्रेस की सक्रियता तेज

## रमेश कुमार मेशी सहोता ने राजा वड़िंग के साथ की अहम मुलाकात



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8 जुलाई। पंजाब कांग्रेस में आगामी चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी के तहत, जगरओं से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लेबर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार मेशी सहोता ने अपने साथियों के साथ पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के साथ विशेष मुलाकात की।

### विकास कार्यों और हलके के मुद्दों पर हुई चर्चा

इस मुलाकात के दौरान, मेशी सहोता ने राजा वड़िंग को दोबारा पंजाब कांग्रेस की कमान संभालने पर हार्दिक बधाई दी। बातचीत के दौरान उन्होंने जगरओं हलके के विभिन्न जनहित के मुद्दों और अधूरे पड़े विकास कार्यों का मामला जोर-शोर से उठाया। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने इन मुद्दों को गंभीरता से सुना और आने वाले समय में इनके ठोस समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

### बढ़ता राजनीतिक कद, चुनावों में दावेदारी की चर्चा

रमेश कुमार मेशी सहोता पिछले लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के साथ एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हुए हैं। उनका पारिवारिक पृष्ठभूमि भी कांग्रेसी विचारधारा से गहरा जुड़ाव रखती है। पार्टी हाईकमान द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने के कारण हलके में उनकी पहचान एक मजबूत और जन-हितैषी नेता के रूप में बनी है। कांग्रेसी हलकों में चल रही चर्चा के अनुसार, रमेश कुमार मेशी सहोता को आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जगरओं हलके से एक प्रमुख और संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में उनकी बढ़ती सक्रियता को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, जो यह संकेत देते हैं कि आने वाले समय में जगरओं में कांग्रेस अपनी रणनीति को नई दिशा देने की तैयारी में है।

# सेंसेक्स 1,677 अंक गिरा, गिरावट के तीन मुख्य कारण निकलकर आए सामने

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जुलाई। बुधवार को दलाल स्ट्रीट पर भारी बिकवाली का दबाव देखा गया। सेंसेक्स 600 अंक से ज्यादा गिरा और निफ्टी 24,250 के स्तर से नीचे आ गया। इसकी वजहें थीं - फिर से बढ़ा जियोपॉलिटिकल तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और ग्लोबल टेक्नोलॉजी शेयरों में कमजोरी, जिससे निवेशकों का भरोसा कम हुआ। हाल के हफ्तों में तेल की कीमतों में कमी, विदेशी निवेशकों के निवेश में बढ़ोतरी और जून तिमाही में अच्छे नतीजों की उम्मीद के कारण बाजार में तेजी आई थी, लेकिन उसके बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। हालांकि, मिडिल ईस्ट में नए घटनाक्रम और ग्लोबल बाजारों में कमजोरी ने निवेशकों को एक बार फिर सतर्क कर दिया है।



### दोपहर तक दबाव और बढ़ गया

दोपहर तक दलाल स्ट्रीट पर बिकवाली का दबाव और बढ़ गया। बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 1,122.46 अंक (यानी 1.44 प्रतिशत) गिरकर 77,058.26 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी50 342.60 अंक (यानी 1.40 प्रतिशत) गिरकर 24,056.10 पर बंद हुआ। यूएस-ईरान तनाव बढ़ने, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और ग्लोबल बाजार से मिले कमजोर संकेतों के कारण शेयरों में जोखिम से बचने का माहौल बन गया।

### यूएस-ईरान तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं

आज की गिरावट की सबसे बड़ी वजह अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़ा सैन्य तनाव है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए तेल की बढ़ती कीमतें देश के लिए एक बड़ा मैक्रो-इकोनॉमिक जोखिम हैं। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें देश का आयात बिल बढ़ाती हैं, चालू खाता घाटा बढ़ाती हैं, महंगाई पर दबाव डालती हैं और अंततः इनपुट लागत बढ़ाकर कंपनियों की कमाई को नुकसान पहुंचा सकती हैं। यही वजह है कि बाजार खुलने के तुरंत बाद ही ईंधन की लागत और घरेलू खपत पर निर्भर सेक्टर दबाव में आ गए।

### एआई शेयरों की बिकवाली ग्लोबल बाजारों तक फैली

जियोपॉलिटिकल चिंताओं के अलावा, ग्लोबल टेक्नोलॉजी शेयरों में कमजोरी ने भी निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। रात भर में, अमेरिका के तीनों प्रमुख इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कम्पोजिट, जिसमें टेक्नोलॉजी कंपनियों का बड़ा हिस्सा है, 1.16 प्रतिशत गिरा। यह वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला इंडेक्स रहा। एसएंडपी 500 में 0.45 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.25 प्रतिशत नीचे आ गया। यह गिरावट सेमीकंडक्टर शेयरों में एक और दौर की बिकवाली की वजह से आई, जिससे यह चिंता फिर से पैदा हो गई है कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रेरित तेजी इसी रफ़्तार से जारी रह सकती है। माइक्रोन टेक्नलॉजी और कई अन्य अमेरिकी चिप बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई, जिससे नासदीक नीचे आ गया। बुधवार को यह नकारात्मक माहौल तेजी से एशियाई बाजारों में भी फैल गया।

# प्रधानमंत्री के दौरे संबंधी बिट्टू ने पुनर्विकसित जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

जालंधर/यूटर्न/8 जुलाई। रेल मंत्रालय तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने फिरोजपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुनर्विकसित जालंधर कैंट (जेआरसी) रेलवे स्टेशन का दौरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री 17 जुलाई को इस स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का उद्घाटन करने वाले हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री तथा रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब के लोगों को यह ऐतिहासिक सौगात प्रदान करने तथा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय यात्री सुविधा केंद्र में परिवर्तित करने के लिए वे उनके प्रति कृतज्ञ हैं। लगभग 110 वर्ष पुराने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का



पुनर्विकास लगभग 125 करोड़ की लागत से किया गया है। इस परियोजना में स्टेशन की ऐतिहासिक वास्तुकला को संरक्षित रखते हुए पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले तत्वों को भी समाहित किया गया है। पुनर्विकसित स्टेशन में विशाल डबल-हाइट एयर कॉन्कोर्स, मजबूत स्टील प्लेटफॉर्म रूफिंग, स्लिप-प्रतिरोधी फर्श, ऊर्जा-कुशल एलईडी प्रकाश व्यवस्था, शहर के दोनों ओर से सुविधाजनक प्रवेश तथा 6 मीटर और 9 मीटर चौड़ाई वाले दो नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# मानूंके गोलीकांड का पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक ऑल्टो कार, तीन देसी पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूस बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/जुलाई। लुधियाना (ग्रामीण) पुलिस ने गांव मानूंके में एक जिम के बाहर हुई सनसनीखेज गोलीबारी की घटना को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई ऑल्टो कार और भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं।

**क्या था मामला?...**एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता, एसपी राजन शर्मा (पीपीएस)



और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रेस वार्ता में बताया कि 6 जुलाई को गांव मानूंके में जिम के बाहर खड़े गगदीन सिंह उर्फ 'अंबी' पर गांव के ही परगट सिंह ने जानलेवा हमला किया था। परगट सिंह ने उन पर ऑल्टो कार से उतरकर जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायर किए। हालांकि, गगदीन सिंह के झुक जाने के कारण गोली दीवार में जा लगी और वह बाल-बाल बच गए।

**पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई...**घटना की सूचना मिलते ही थाना हथूर और सीआईए की विशेष टीमें हरकत में आ गईं। पुलिस ने 7 जुलाई को शिकायतकर्ता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

पुलिस ने सबसे पहले मुख्य आरोपी परगट सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके पास से .315 बोर का देसी कट्टा और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

पूछताछ के दौरान परगट ने खुलासा किया कि उसने हथियार अपने साथियों को सौंप दिए थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अन्य दो आरोपियों भगवंत सिंह उर्फ 'भंता' और रुलदू सिंह उर्फ 'हैप्पी' को भी दबोच लिया।


पेज 06 वैष्णव भक्तों को भंडारा खिलाने से बदलती हैं ...

# बर्थडे पार्टी में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। जमालपुर इलाके में मंगलवार देर रात एक बर्थडे पार्टी के दौरान 28 वर्षीय युवक गोविंदा की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह सूचना मिलते ही थाना जमालपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस मकान मालिक को, जिसके घर पर बर्थडे पार्टी चल रही थी, तथा पार्टी में मौजूद कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक गोविंदा पेशे से मजदूर था और अपने परिवार का मुख्य सहारा बताया जा रहा है। मृतक के भाई राहुल ने पुलिस को दिए बयान में सीधे तौर पर हत्या का आरोप लगाया है। राहुल के अनुसार, गोविंदा मंगलवार रात अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गया था। पार्टी के दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों के साथ किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। आरोप है कि इसी विवाद और रंजिश के चलते कुछ लोगों ने साजिश के तहत गोविंदा को छत से नीचे धक्का दे दिया, जिससे गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। परिजनों ने बताया कि गोविंदा अविवाहित था और घर का सबसे बड़ा बेटा होने के कारण पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी।



# इनीशिएटर्स ऑफ चेंज के नेतृत्व में सतलुज फिल्म की बहाली को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन




लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। जी5 प्लेटफॉर्म से फिल्म सतलुज हटाए जाने के विरोध में सोमवार शाम सराभा नगर स्थित किप्स मार्केट में सैकड़ों लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व इनीशिएटर्स ऑफ चेंज के चेयरमैन गौरवदीप सिंह ने किया। इस दौरान गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज, विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों, युवा संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और शहर के बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कलात्मक आजादी और ऐतिहासिक तथ्यों को प्रस्तुत करने के संवैधानिक अधिकार के समर्थन में आवाज बुलंद की। उन्होंने सरकार और जी5 से फिल्म सतलुज को दोबारा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक समाज में कला, संवाद और सत्य के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने जसवंत सिंह खालड़ा की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि नई पीढ़ी को इतिहास के सत्य तथ्यों से परिचित कराना जरूरी है ताकि वे स्वयं समझ और विचार बना सकें। सभा को संबोधित करते हुए गौरवदीप सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने इतिहास और अपने नायकों की कहानियां स्वयं सामने लाएं।

# पंजाब में कई आईएएस अफसर ट्रांसफर, साहनी को विशेष सचिव स्वास्थ्य का जिम्मा, संदीप ऋषि गमाडा सीए नियुक्त

लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। पंजाब सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए तत्काल प्रभाव से 8 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए है। मुख्य सचिव केएपी. सिन्हा द्वारा जारी सूची में कई अहम विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। 2008 बैच की आईएएस अधिकारी नीलिमा को गृह मामले विभाग से हटाकर कार्मिक विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें सतर्कता विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं, परमिंदर पाल सिंह को गृह मामले विभाग का नया विशेष सचिव बनाया गया है। वहीं साक्षी साहनी को विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के पद के साथ अब नोडल अधिकारी, नशा विरोधी अभियान का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी। उन्हें पुडा के मुख्य प्रशासक पद से मुक्त किया गया है।







## इन अफसरों की भी ट्रांसफर

आईएएस संदीप ऋषि को मुख्य प्रशासक, गमाडा, एसएएस नगर, परमिंदर पाल सिंह को विशेष सचिव, गृह मामले विभाग, नीरू कत्याल गुप्ता को मुख्य प्रशासक, पुडा (PUDA), निकास कुमार को कमिश्नर, नगर निगम, जालंधर, सोनम को आबकारी एवं कराधान विभाग में अपनी वर्तमान तैनाती के साथ अतिरिक्त आयुक्त, कराधान-क, पटियाला का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगी। वहीं राकेश कुमार मीणा को संयुक्त आयुक्त, नगर निगम, बठिंडा से स्थानांतरित कर अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास), होशियारपुर नियुक्त किया गया है।

# रक्तदान से बढ़कर कोई मानव सेवा नहीं, युवा बढ़-चढ़कर करें भागीदारी : एडीसीपी रमनदीप भुल्लर

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 11 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर, शहर की प्रमुख हस्तियों को दिया गया विशेष निमंत्रण



लुधियाना/यूटर्न/07 जुलाई। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के उद्देश्य से श्री राम ग्लोबल स्कूल, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब एवं भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई (शनिवार) को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मॉल रोड स्थित श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर को लेकर शहरभर में प्रचार-प्रसार तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री राम ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर कुंज गर्ग तथा न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के राजेश जैन बॉबी और राजीव जैन ने डीआईजी संदीप गोयल, एडीसीपी रमनदीप भुल्लर, एसपी राजन शर्मा, आम आदमी पार्टी नेता मनु जैरथ तथा डिप्टी डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड्स लक्ष्य गुप्ता को शिविर में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण दिया इस। मौके डीआईजी संदीप गोयल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि इस नेक अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक रक्तदान करें।

इस मौके पर एडीसीपी रमनदीप भुल्लर ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। समाजहित के इस अभियान में युवाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। एसपी राजन शर्मा ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे शिविर समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और सभी को इसमें सहयोग देना चाहिए।

डिप्टी डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड्स लक्ष्य गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह जरूरतमंदों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आता है। सभी सक्षम लोगों को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।आप नेता मनु जैरथ ने कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े ऐसे आयोजन पूरे समाज को एकजुट करते हैं। मैं सभी लुधियानावासियों से रक्तदान शिविर में पहुंचकर सहयोग करने की अपील करता हूं।

कुंज गर्ग डायरेक्टर, श्री राम ग्लोबल स्कूल और राजेश जैन बॉबी न्यू यंग फाइव स्टार क्लब ने कहा कि हम सभी लुधियानावासियों से विनम्र अपील करते हैं कि 11 जुलाई को रक्तदान शिविर में पहुंचकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जीवनदायी सहयोग दें। आपका एक यूनिट रक्त किसी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है।

# वीवीआईपी दौरे के मद्देनजर 10 जुलाई को चंडीगढ़ रहेगा 'नो फ्लाइंग जोन', ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ में 10 जुलाई को प्रस्तावित वीवीआईपी दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे शहर को एक दिन के लिए 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट निशांत कुमार यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 10 जुलाई को चंडीगढ़ में ड्रोन और अन्य मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में असामाजिक और राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से लैस ड्रोन के जरिए हमलों की बढ़ती आशंकाओं को देखते हुए वीवीआईपी और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# 'सतलुज' विवाद: जिसे पर्दे से उतारा गया, वह पंजाब की राजनीति के मंच पर चढ़ाया गया

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जुलाई। मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन से प्रेरित फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाए जाने का विवाद अब केवल एक फिल्म तक सीमित नहीं रह गया है। यह मामला पंजाब के उग्रवाद के दौर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक विमर्श और इतिहास की व्याख्या को लेकर व्यापक बहस में बदल गया है। जी5 पर रिलीज होने के कुछ ही समय बाद फिल्म को भारत में हटा लिया गया। इसके बाद केंद्र सरकार, पंजाब सरकार, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिरोमणि अकाली दल (शिअद), सिख धार्मिक संस्थाएं और राजनीतिक विश्लेषक आमने-सामने आ गए हैं। इस बीच, फिल्म के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 ने भी कहा है कि वह आवश्यक कानूनी और नियामकीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद फिल्म को दोबारा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।




## रवनीत सिंह बिट्टू: फिल्म एकतरफा कहानी दिखाती है

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने विवाद पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि पंजाब के इतिहास को केवल एक पक्ष से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि



'सतलुज' एकतरफा कहानी प्रस्तुत करती है और इसमें उग्रवाद के दौरान आतंकवाद से प्रभावित हजारों निर्दोष नागरिकों, पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों और सरकारी कर्मचारियों की कुर्बानियों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र बिट्टू ने कहा कि पंजाब आधा सच नहीं, पूरा सच जानने का हकदार है। उनके अनुसार, यदि उस दौर पर फिल्म बनाई जाती है तो उसमें मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोपों के साथ-साथ आतंकवाद के कारण हुई व्यापक तबाही और बलिदानों को भी समान रूप से दिखाया जाना चाहिए। बिट्टू का कहना है कि मेरे दादा पूर्व सीएम बेअंत सिंह की मौत अगस्त में हुई थी, जबकि बलवंत खालड़ा को सितंबर में अगवा किया था। मेरे दादा के समय तो उन पर किसी ने उंगल तक नहीं उठाई थी।

## केंद्र का पक्ष: सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सर्वोपरि

केंद्र सरकार का कहना है कि फिल्म को हटाने का फैसला किसी राजनीतिक दबाव में नहीं, बल्कि नियामकीय प्रक्रिया और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखकर लिया गया। सरकार का तर्क है कि पंजाब के संवेदनशील दौर से जुड़ी सामग्री का इस्तेमाल अलगाववादी या अन्य फ्रिंज तत्व अपने नैरेटिव को आगे बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले ऐसे मुद्दों का राजनीतिक और सामाजिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी कारण मामले की समीक्षा की जा रही है।

## हर पंजाबी को फिल्म दिखाई जाए - सुखबीर बादल



शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने फिल्म के प्रदर्शन का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को अपने इतिहास को देखने और समझने का अधिकार है। उन्होंने अकाली कार्यकताओं से अपील की है कि वे सुनिश्चित करें कि राज्य के अधिक से अधिक लोग 'सतलुज' देखें। बादल का कहना है कि किसी फिल्म को रोकने से जिज्ञासा और बढ़ती है। इतिहास को दबाने के बजाय उस पर खुली चर्चा होनी चाहिए।

## गुरुद्वारों में भी स्क्रीनिंग की तैयारी

फिल्म के समर्थन में अब सिख धार्मिक संस्थाएं भी सामने आ गई हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) तथा अन्य संगठनों ने गुरुद्वारों और सार्वजनिक स्थानों पर फिल्म की स्क्रीनिंग कराने की पहल की है। इन संस्थाओं का कहना है कि नई पीढ़ी को पंजाब के इतिहास के इस दौर से परिचित कराया जाना चाहिए।

## पंजाब सरकार और विपक्ष आमने-सामने

पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने फिल्म हटाए जाने पर केंद्र सरकार की आलोचना की है और इसे इतिहास को नियंत्रित करने की कोशिश बताया है। कांग्रेस नेताओं ने भी सवाल उठाया है कि वर्षों की देरी के बाद रिलीज हुई फिल्म को इतने कम समय में क्यों हटा दिया गया। दूसरी ओर भाजपा का कहना है कि पूरे मामले को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है, जबकि उसका उद्देश्य केवल कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को सुनिश्चित करना है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस विवाद का असर केवल फिल्म तक सीमित नहीं रहेगा।

## जितना रोकोगे, उतना देखेंगे

फिल्म 'सतलुज' का सबसे बड़ा प्रचारक आखिर कौन निकला? निमार्ता, अभिनेता या फिर उसे हटाने वाले? जिस फिल्म के बारे में शायद सीमित दर्शक ही जानते थे, वह कुछ ही घंटों में पूरे देश की चर्चा बन गई। राजनीति ने वह प्रचार कर दिया, जिसके लिए करोड़ों रुपये का मार्केटिंग बजट भी कम पड़ जाता। एक पक्ष कहता है कि फिल्म एकतरफा है। दूसरा कहता है कि हर हाल में दिखाई जानी चाहिए। तीसरा इसे गुरुद्वारों तक ले जाने की तैयारी में है। नतीजा यह कि फिल्म अब पर्दे से ज्यादा राजनीतिक मंचों पर चल रही है। विडंबना यह है कि हर दल इतिहास की रक्षा का दावा कर रहा है, लेकिन इतिहास को अपनी-अपनी सुविधा से पढ़ना चाहता है। अगर फिल्म में कमी है तो उसका जवाब दूसरी फिल्म, किताब या तथ्य से दीजिए। प्रतिबंध से नहीं।

# फिरौती न देने पर पूर्व अकाली नेता सीड़ा पर कातिलाना हमला, बाइक सवारों ने की हवाई फायरिंग

लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व उपाध्यक्ष समीर सिंह सीड़ा पर कथित हमले का मामला सामने आया है। खन्ना के पास उनकी कार के आगे चल रहे बाइक सवार युवकों ने हवाई फायरिंग की। घटना के बाद उनके मोबाइल पर मैसेंजर के जरिए फिरौती की मांग करते हुए धमकी भी दी गई। समीर सिंह सीड़ा ने इस घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी है। उन्होंने कहा कि वे ऐसे लोगों से डरने वाले नहीं हैं जो फायरिंग कर उन्हें डराना चाहते हैं। सीड़ा ने



दोहराया कि वे पंजाब के लोगों के साथ खड़े थे, खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले समीर सिंह सीड़ा ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद यह पहली बड़ी घटना सामने आई है। सीड़ा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और उन्हें पूरा सहयोग दिया जा रहा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

# 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत दो नशेड़ी काबू, डोप टेस्ट पॉजिटिव आने पर नशा मुक्ति केंद्र भेजे गए





मोहाली/यूटर्न/07 जुलाई। पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चलाए जा रहे ह्ययुद्ध नशों के विरुद्धह्न अभियान के तहत मोहाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नशे के आदी युवकों को काबू किया है। दोनों का डोप टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया। पी हरमनदीप सिंह हंस और एसपी मनप्रीत सिंह के दिशा-निदेर्शों तथा डीएसपी खरड़-1 इंसान सिंगला की निगरानी में थाना बलौंगी पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने 7 जुलाई 2026 को बलौंगी क्षेत्र में चेकिंग और गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों के नशे की हालत में होने का संदेह हुआ, जिसके बाद उनका डोप टेस्ट कराया गया। जांच में दोनों का डोप टेस्ट पॉजिटिव पाया गया।

इस संबंध में थाना बलौंगी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 27, 61 और 85 के तहत दो अलग-अलग एफआईआर नंबर 179 और 180, दिनांक 7 जुलाई 2026 को दर्ज की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झामपुर निवासी विवेक तथा दूसरे आरोपी की पहचान बलोंगी निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के निदेर्शानुसार उन्हें नशे की लत से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से सेक्टर-66, मोहाली स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि ह्ययुद्ध नशों के विरुद्धह्न अभियान के तहत नशा तस्करों के साथ-साथ नशे के आदी लोगों को उपचार उपलब्ध कराने की कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी।

# पंजाब-चंडीगढ़ में 48 घंटे भारी बारिश की चेतावनी, मोहाली-जालंधर समेत 9 जिलों में यलो अलर्ट



मोहाली/यूटर्न/8 जुलाई। पंजाब में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है। बुधवार और वीरवार भी मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इसके चलते ट्राईसिटी समेत पंजाब के 21 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें 9 जिलों गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर, मोहाली, पटियाला, संगरूर, जालंधर और लुधियाना में भारी बारिश होने की संभावना है। इन क्षेत्रों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान सरदूलगढ़, बुढ़लाडा, लहरा, मानसा, सुनाम, संगरूर, बरनाला, तपा, धूरी, मालेरकोटला, मूनक, पातड़ां, समाना, पटियाला, नाभा, राजपुरा, डेराबस्सी, फतेहगढ़ साहिब, अमलोह, मोहाली, तलवंडी साबो, बठिंडा, रामपुरा फूल, जैतो, बस्सी पठाना, खन्ना, पायल, चंडीगढ़, खरड़, खमाणों, लुधियाना (पूर्वी), चमकौर साहिब, समराला, रूपनगर, बाघा पुराना, मोगा, निहाल सिंह वाला, रायकोट, जगराओं, लुधियाना (पश्चिमी), बलाचौर, नवांशहर, आनंदपुर साहिब और नंगल में हल्की बारिश की संभावना है। मंगलवार को राज्य के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस फरीदकोट में दर्ज किया गया।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 समापन पर भक्ति रस में डूबा पंडाल, 'मेरी चौखट पर...

# पार्किंग की जगह दुकानें बनाने पर 27 दुकानों को ताले

## रहमत होम्स में नक्शे से हटकर निर्माण, नगर परिषद का एक्शन

जीरकपुर/यूटर्न/07 जुलाई। स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण और पार्किंग क्षेत्र के अवैध कमर्शियल इस्तेमाल पर नगर परिषद जीरकपुर ने सख्त कार्रवाई की है। परिषद की टीम ने रहमत होम्स में करीब 27 दुकानों को सील कर दिया। इन इमारतों के लिए एस प्लस थ्री का नक्शा पास था, लेकिन पार्किंग के लिए छोड़ी गई जगह को कथित तौर पर दुकानों में बदल दिया गया था।

नगर परिषद की बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी गोयल ने बताया कि कार्रवाई कार्यकारी



अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के निर्देश पर की गई। संबंधित संपत्ति मालिकों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी। इसी दौरान प्राइम स्क्वेयर में नियमों का उल्लंघन करने पर एक शोरूम को भी सील किया गया।

परिषद अधिकारियों के अनुसार पार्किंग क्षेत्र को दुकानों में बदलने से भवन उपनियमों के साथ-साथ लोगों की सुविधा और सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। विभाग ने साफ किया है कि स्वीकृत नक्शे से अलग निर्माण, अवैध कमर्शियल इस्तेमाल और नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

कार्रवाई के दौरान बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ और इंफोर्समेंट टीम मौजूद रही। नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# 'मिशन हेल्दी भारत-ओबेसिटी मुक्त भारत' अभियान को मेयर सौरभ जोशी का समर्थन, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का किया आह्वान

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। देशव्यापी 'मिशन हेल्दी भारत-ओबेसिटी मुक्त भारत' अभियान को चंडीगढ़ में समर्थन देते हुए मेयर सौरभ जोशी ने नागरिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। मंगलवार को मिशन हेल्दी भारत की संस्थापक तपसी उपाध्याय ने नगर निगम कार्यालय में मेयर से मुलाकात कर अभियान की जानकारी साझा की। तपसी उपाध्याय ने बताया कि ह्यमिशन हेल्दी भारत-ओबेसिटी मुक्त भारतह्व के तहत पिछले 16 महीनों से देशभर में एक गैर-व्यावसायिक जनजागरूकता यात्रा चलाई जा रही है। अभियान का उद्देश्य मोटापे की रोकथाम, स्वस्थ



जीवनशैली, संतुलित आहार, फिटनेस और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह यात्रा देश के 26 राज्यों तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है और अब तक एक लाख से अधिक लोगों से जुड़ चुकी है।

मेयर सौरभ जोशी ने मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए अभियान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में मोटापा तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है और इससे निपटने के लिए जागरूकता, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित पोषण और सामुदायिक भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न जनजागरूकता अभियानों का संचालन कर रहा है और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने वाली पहलों को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

तपसी उपाध्याय ने मेयर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान देशभर में अपनी यात्रा जारी रखेगा और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए 'फिट इंडिया' और 'ओबेसिटी मुक्त भारत' के राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत करेगा।

# मनीमाजरा मोटर मार्केट में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, कार डीलरों के कब्जे से 48 वाहन जब्त

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। नगर निगम चंडीगढ़ ने मनीमाजरा के सेक्टर-13 स्थित मोटर मार्केट में पेड पार्किंग स्थलों पर अवैध कब्जे के खिलाफ मंगलवार सुबह विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश और दुकानदार एसोसिएशन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई।

अल सुबह शुरू किए गए इस अभियान की निगरानी निगम के प्रवर्तन निरीक्षकों ने की। इस दौरान तीन सब-इंस्पेक्टर और स्थानीय पुलिस की टीम भी मौजूद रही।

जांच में पाया गया कि कई कार डीलर पूरे दिन नगर निगम की पेड पार्किंग पर अवैध रूप से वाहन खड़े कर कब्जा जमाए हुए थे, जिससे



बाजार में आने वाले ग्राहकों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 48 वाहनों को जब्त (इंपाउंड) किया गया। नगर निगम की टीम ने संबंधित कार डीलरों को भविष्य में दोबारा इस तरह के अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पेड पार्किंग सुविधाएं आम लोगों की सुविधा के लिए हैं और सार्वजनिक स्थानों का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग या अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर निगम ने कहा कि शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सुविधाओं की सुरक्षा के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# आईटी पार्क थाना पुलिस ने 13 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर दबोचा, आरोपी पहले भी एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार



चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ आईटी पार्क थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 13 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आरिश उर्फ भोला (29) पुत्र शम्सुद्दीन, निवासी मकान नंबर 624, प्रथम मंजिल, शास्त्री नगर, मनीमाजरा, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर नंबर 59, दिनांक 7 जुलाई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत थाना आईटी पार्क में मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान एएसआई अशोक कुमार (नंबर 2091/सीएचजी) के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 13 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरिश उर्फ भोला का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2019 में थाना सेक्टर-26 में एनडीपीएस एक्ट के तहत हेरोइन तस्करी का मामला दर्ज हो चुका है। इसके अलावा उसी वर्ष उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। चंडीगढ़ पुलिस ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि नशीले पदार्थों से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल



जीरकपुर/यूटर्न/07 जुलाई। धर्म कांटा के पास तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार व्यक्ति को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान शिवालिक विहार निवासी 56 वर्षीय विजय कुमार के रूप में हुई है, जो ड्राइवर का काम करते हैं। पुलिस को दिए बयान में विजय कुमार ने बताया कि 2 जुलाई की शाम करीब पांच बजे वह अपनी एक्टिवा पर स्वास्तिक विहार से बेटी को लेने जा रहे थे। जैसे ही वह धर्म कांटा के पास पहुंचे, सामने से आ रही कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से बिना ब्रेक लगाए उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विजय कुमार सड़क पर गिर गए और उनके दाहिने पैर व कूल्हे की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। परिजनों ने उन्हें पहले सेक्टर-32 सिविल अस्पताल चंडीगढ़ पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर बाद में उन्हें मोहाली सेक्टर-69 स्थित ग्रेसियन अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## Happy Birthday



Vipassana Singh

# वैष्णव भक्तों को भंडारा खिलाने से बदलती हैं किस्मतें : कमल चेतली

## रथयात्रा को लेकर शहर भर में चलाया जा रहा है जनसंपर्क अभियान : राजेश ढांडा









लुधियाना/यूटर्न/07 जुलाई। इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी की ओर से 16 जुलाई को श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल से शाम 4 बजे निकाली जाने वाली 30वीं भव्य भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। महानगर के गणमान्यों को निमंत्रण पत्र देने का दौर जोरों से चल रहा है। इसी श्रृंखला में शिरोमणि अकाली दल की कोर कमेटी के सदस्य एवं चेतली ग्रुप के एमडी कमल चेतली को निमंत्रण दिया गया। कमल चेतली ने कहा कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान महाप्रभु के दर्शनों के लिए आने वाले वैष्णव भक्तों को प्रेमपूर्वक भंडारा खिलाने का सौभाग्य अत्यंत पुण्यदायी होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से भगवान जगन्नाथ की विशेष कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की किस्मतें बदल जाती हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार सहित रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ जी की आरती करेंगे तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होकर उनके सुलभ दर्शन करने का अवसर केवल सौभाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है। कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा ने बताया कि यात्रा को लेकर शहर भर में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाएं रथयात्रा की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। कमेटी के महासचिव संजीव सूद बांका ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से स्वागत मंच, पुष्पवर्षा, भंडारे लगाए जाएंगे।



## श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल करेगा रथ के आगे हरिनाम संकीर्तन : अश्वनी ग्रोवर

श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल ( सेवक सिद्धपीठ ) के अश्वनी ग्रोवर ने बताया कि मंडल के सभी सदस्य भगवान जगन्नाथ जी के रथ के आगे-आगे हरिनाम संकीर्तन करते हुए चलेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ को हरिनाम संकीर्तन अत्यंत प्रिय है। जो भी श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होकर हरिनाम संकीर्तन करता है अथवा श्रद्धापूर्वक उसका श्रवण करता है, उसके जन्मों-जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### बदलते भारत के युवाओं के बदलते सपने।

### डिग्री से अधिक कौशल की ओर बढ़ता युवा वर्ग

पिछले तीन दशकों तक भारत में बच्चों के लिए अच्छी पढ़ाई करना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता मानी जाती थी। माता-पिता का सपना होता था कि उनके बच्चे ऊँची-ऊँची डिग्रियाँ हासिल करें, विदेश जाएँ और बड़े पैकेज वाली नौकरियाँ प्राप्त कर परिवार और देश का नाम रोशन करें। शिक्षा को सफलता की एकमात्र सीढ़ी माना जाता था और हर युवा इसी दौड़ में आगे बढ़ना चाहता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है। तकनीक, इंटरनेट और नए व्यवसायिक अवसरों ने युवाओं की सोच को बदल दिया है। आज का युवा केवल डिग्री हासिल करने के पीछे नहीं भाग रहा, बल्कि वह स्मार्ट वर्क, व्यावहारिक ज्ञान और नई-नई स्किल सीखने को अधिक महत्व दे रहा है। वर्तमान पीढ़ी समझने लगी है कि केवल प्रमाण पत्र सफलता की गारंटी नहीं देते। असली पहचान व्यक्ति की योग्यता, रचनात्मक सोच और समस्याओं को हल करने की क्षमता से बनती है।

आज के बच्चे उतनी ही पढ़ाई करना चाहते हैं जिससे वे दुनिया को समझ सकें, नई चीजें सीख सकें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए सही दिशा चुन सकें। यह बदलाव भारत के युवाओं की बदलती मानसिकता को दर्शाता है, जहाँ मेहनत के साथ-साथ समझदारी और कौशल को भी सफलता का आधार माना जा रहा है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या Court बच्चे की Custody बाद में बदल सकती है?**

बहुत से लोग सोचते हैं कि एक बार Court ने बच्चे की Custody तय कर दी, तो उसे कभी बदला नहीं जा सकता। लेकिन यह सही नहीं है। अगर बाद में हालात बदल जाते हैं, तो Court अपने पहले दिए गए आदेश में बदलाव कर सकती है। मान लीजिए, जिस माता या पिता के पास बच्चा रह रहा है, वह उसकी ठीक से देखभाल नहीं कर पा रहा है, बच्चे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, या उसके रहने का माहौल उसके लिए सही नहीं है। ऐसी स्थिति में दूसरा अभिभावक Court में Custody बदलने की मांग कर सकता है।

Court हर बार सिर्फ माता-पिता की इच्छा नहीं देखती। उसका सबसे बड़ा ध्यान इस बात पर होता है कि बच्चे के लिए क्या बेहतर है। अगर बच्चा इतना बड़ा है कि अपनी बात समझदारी से बता सके, तो Court उसकी राय भी सुन सकती है।

कई मामलों में Court Custody बदले बिना, दूसरे अभिभावक से मिलने का समय (Visitation Rights) बढ़ा सकती है या उसमें बदलाव कर सकती है।

कई लोग मान लेते हैं कि एक बार Custody मिल गई तो दूसरा अभिभावक कुछ नहीं कर सकता, जबकि कानून जरूरत पड़ने पर बदलाव की अनुमति देता है।

निष्कर्ष: Child Custody का फैसला हमेशा के लिए तय नहीं होता। यदि बाद में हालात बदल जाएं और बच्चे के हित में जरूरत हो, तो Court अपने पहले के आदेश में बदलाव कर सकती है।

# धार्मिक यात्राएं आपसी भाईचारे और एकता की प्रतीक - पंडित हरिंदर गौतम



मनोज माटा

लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी की पारंपरिक रथयात्रा जगन्नाथ पुरम चन्दर नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है। रथयात्रा की तैयारियों को लेकर शहर के सभी धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र दिए जा रहे है। इस कड़ी के उपलक्ष्य में श्री बाला जी मंदिर वृंदावन रोड के पंडित हरिंद्र गौतम को निमंत्रण पत्र दिए गया। निमंत्रण पत्र लेते पंडित हरिंद्र गौतम ने कहा कि धार्मिक यात्राएं आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है। जिससे समाज को नई दिशा मिलती है और समाज में बोई हुई नफरत की दीवारे चकनाचूर हो जाती है। उन्होंने सभी से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। विक्रम भुइयां ने जानकारी देते हुए कहा कि रथयात्रा के दिन भगवान को पहनाने वाली पोशाक भक्तों द्वारा बड़े ही सुस्जित ढंग से तैयार की जा रही है। रथ यात्रा को लेकर भक्तो में काफी उत्साह पाया जा रहा है। इस मौके पर अरुण परीजा, अभय बेहरा, सतबीर लेंका, सुनील राउतरॉय, सचिन बेहरा आदि मौजूद रहे।

## लुधियाना में राजस्व पटवार यूनियन की बैठक, जालंधर में प्रदर्शन में शामिल होने का ऐलान



लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। राजस्व पटवार यूनियन की मासिक बैठक बचत भवन लुधियाना में जिला प्रधान निर्मल सिंह रंधावा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी तहसील बॉडी के पदाधिकारियों और पटवारी साथियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पंजाब बॉडी की ओर से 10 जुलाई को डीएलआर कार्यालय जालंधर में दिए जाने वाले धरने और प्रदर्शन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी तहसील इकाइयों और पटवारी साथियों ने इस आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान करते हुए कहा कि संगठन अपनी जायज और हक की मांगों को सरकार से मनवाने के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि पटवारियों की मांगों को लेकर सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करेगा। बैठक में जिला महासचिव मनजीत सिंह सैनी, जिला खजांची नरेंद्र सिंह, तहसील पूर्वी प्रधान नवदीप सिंह सिद्धू, तहसील पश्चिमी प्रधान हरसिमरन सिंह सरां, तहसील पूर्वी महासचिव नरेंद्र पाल सिंह, खजांची बलजिंदर सिंह, तहसील पश्चिमी महासचिव मनिंदर बेदी, खजांची दिलप्रीत सिंह सहित जगराओं, सुखप्रीत सिंह, इंद्रेश, सोहन सिंह, मनजीत ग्रेवाल, डॉ. अमन, सुखजिंदर भुल्लर, अरमान सिंह सहित अन्य पटवारी साथी उपस्थित थे।

## जगतार सिंह को मिला प्रमोशन, जॉइंट सीपी ने इंस्पेक्टर पद पर किया पदोन्नत



लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। पुलिस विभाग में सेवाएं दे रहे जगतार सिंह को उनकी बेहतर सेवाओं के लिए पदोन्नति दी गई है। जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (लुधियाना) रूपिंदर सिंह ने जगतार सिंह को स्टार लगाते हुए इंस्पेक्टर पद पर प्रमोट किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जगतार सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। जगतार सिंह ने पदोन्नति के लिए विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत और लगन से निभाएंगे।

## राम लाल भसीन स्कूल में जनरेटर को लगी आग, मची अफरा तफरी, बच्चों की छुट्टी की



लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। बुधवार सुबह दुगरी फेज-1 की अर्बन एस्टेट स्थित राम लाल भसीन पब्लिक स्कूल में अचानक आग लग गई। आग लगते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में स्कूल की छुट्टी कर बच्चों को घर भेजा गया। स्कूल प्रशासन ने तुरंत सभी बच्चों को क्लास से सुरक्षित बाहर निकाला। छोटे बच्चों को खुद घर भेजा और बड़े बच्चों के पेरेंट्स को मैसेज भेजे गए। जानकारी के मुताबिक, शुरूआत में जनरेटर रूम से धुआं निकला था, जिसके बाद आग की ऊंची लपटें निकलने लगी। स्कूल मैनेजमेंट ने तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया। हालांकि समय रहते आग पर काबू पाने से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। लेकिन कहा जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे बच्चे रोजाना की तरह स्कूल आए थे। इस दौरान अचानक जनरेटर रूम से धुंआ निकलने लग गया। देखते ही देखते आग लग गई।

## हेल्पिंग हैंड्स क्लब बच्चों को शिक्षा के साथ सेवा के संस्कार भी दे रहा - दर्शन लाल बवेजा



लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। रखबाग स्थित पक्षी धाम में चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा एवं प्रधान अशोक थापर की अध्यक्षता में बेजुबान पक्षियों के लिए विशेष दाना-पानी सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों, विशेषकर बच्चों में पक्षियों के प्रति प्रेम, सेवा भावना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। इस अवसर पर हेल्पिंग हैंड्स क्लब के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी रखा। इस दौरान चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। प्रधान अशोक थापर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं मानवीय संस्कार देना भी उतना ही आवश्यक है। इस अवसर पर हीरा लाल गोयल, देवदत्त चुघ, टी.एस. थापर, पाली प्रधान, गौतम जालंधरी, डॉ. विशाल जैन, विमल टंडन, एडवोकेट रविंद्र गर्ग, राकेश ननचाहल, विपन अग्रवाल (एवरशाइन), विक्की कुंद्रा, पुष्पेंद्र महेश्वरी, विक्की कालड़ा, ताज बर्मन, अजय सिक्का, विजय सहगल, पंडित बाबू राम उपस्थित रहे।

## एमजीएम पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया 'वन महोत्सव'



लुधियाना/यूटर्न/07 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एमजीएम पब्लिक स्कूल में 'वन महोत्सव' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण से हुआ, जिसमें प्राचार्या श्रीमती रंजना कौशल, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कक्षा-वार विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने पेड़ों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्या श्रीमती रंजना कौशल ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का विकास करते हैं।

# अमरनाथ यात्रा की सफलता के पीछे भारतीय सेना और ITBP के जवानों का अतुलनीय योगदान – सौरभ कपूर

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/07 जुलाई। भाजपा नेता एवं एडवोकेट सौरभ कपूर ने पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनात भारतीय सेना एवं ITBP के जवानों से मुलाकात कर उनके साहस, समर्पण और सेवा भावना को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बीच देश के वीर जवान दिन-रात श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।



सौरभ कपूर ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा का सफल एवं सुरक्षित संचालन भारतीय सेना और ITBP के जवानों के अथक प्रयासों का परिणाम है। ये जवान केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता भी करते हैं, जिससे लाखों श्रद्धालु निश्चिंत होकर बाबा बर्फानी के पावन दर्शन कर पाते हैं।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी इन वीर जवानों के सम्मान में एक भावपूर्ण संदेश साझा करते हुए लिखा कि 'भारतीय सेना और ITBP के जवान ही इस यात्रा के असली योद्धा हैं। उनका साहस, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना हम सभी के लिए प्रेरणा है। सौरभ कपूर ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों के प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा से लेकर धार्मिक यात्राओं की सुरक्षा तक, हमारे जवान हर मोर्चे पर अद्वितीय सेवा का परिचय देते हैं। ऐसे वीर सपूतों पर पूरे देश को गर्व है।

## रेलवे क्वार्टर से मिली टेक्नीशियन की लाश, बदबू आने पर पता चला



लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। लुधियाना स्टेशन के पास स्थित रेलवे कॉलोनी के एक क्वार्टर से रेल कर्मचारी की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान अवधेश कुमार यादव के रूप में हुई है, जो रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे यूनियन के पदाधिकारियों को सूचित किया गया। अवधेश कुमार पिछले कुछ दिनों से अपने कमरे से बाहर नहीं दिखाई दिए थे। मंगलवार शाम क्वार्टर के आसपास से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना रेलवे के कर्मचारियों और अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर रेलवे यूनियन के सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि क्वार्टर का दरवाजा खुला था और अंदर अवधेश कुमार का शव बुरी तरह सड़ी-गली अवस्था में पड़ा था। एनआरएमयू के ब्रांच प्रधान गौरव शर्मा ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे। शव की स्थिति बेहद खराब थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अवधेश की मौत करीब 4 से 5 दिन पहले ही हो चुकी थी।

# पहली बारिश में डूबे सेक्टर-7 के वीवीआईपी बंगले, 16 सरकारी आवासों में घुसा पानी

## निगम ने शुरू की नई ड्रेनेज लाइन बिछाने की कवायद

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ में मानसून की पहली तेज बारिश ने नगर निगम के प्री-मानसून तैयारियों के दावों की पोल खोल दी। शहर के सबसे पॉश और वीवीआईपी इलाके सेक्टर-7 में स्थित 16 सरकारी बंगलों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे कई आवासों में जलभराव और सामान खराब होने की शिकायतें सामने आई। प्रभावित बंगलों में हरियाणा सरकार के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुमित्रा सिंह, चंडीगढ़ प्रशासन के चीफ इंजीनियर सीबी ओझा सहित कई मंत्रियों, न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों के सरकारी आवास शामिल हैं। सबसे ज्यादा असर



बंगला नंबर-79 से 82 तक के आवासों पर देखा गया, जहां बंगलों के पीछे पानी भर गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रोड गलियों और उनसे जुड़ी स्टॉर्म वॉटर लाइनों के चोक होने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं पा सका और सरकारी आवासों में घुस गया। बताया जा रहा है कि वर्षों से पाइपलाइनों की प्रभावी डी-सिल्टिंग नहीं होने से उनकी क्षमता घट गई है। घटना के बाद यूटी प्रशासन और नगर निगम हरकत में आ गए। अधिकारियों ने दो दिनों तक रोड गलियों की सफाई करवाई, लेकिन समस्या पूरी तरह दूर नहीं होने पर मंगलवार को प्रभावित बंगलों के पीछे नई स्टॉर्म वॉटर लाइन बिछाने के लिए खोदाई शुरू कर दी गई। एक्सईएन पब्लिक हेल्थ की निगरानी में कार्य जारी है। नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने स्वीकार किया कि सेक्टर-7 के कुछ सरकारी बंगलों में पानी घुसने की घटना हुई है। उन्होंने कहा कि जलभराव की वजह बंद पड़ी रोड गलियां थीं और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उधर, मौसम विभाग ने चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के लिए आगामी दिनों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 8 से 12 जुलाई के बीच ट्राईसिटी में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी।

# चंडीगढ़ प्रशासन अपना अलग इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी करे : कृष्णलाल

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णलाल ने चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को पत्र लिखकर मांग की है कि इमरजेंसी नंबर 112 के साथ-साथ चंडीगढ़ प्रशासन का अपना एक अलग



हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। कृष्णलाल ने कहा कि कई बार देखने में आता है कि लोग एंबुलेंस, पुलिस अथवा अन्य आपातकालीन सहायता के लिए 112 नंबर पर फोन करते हैं, लेकिन लंबे समय तक कॉल नहीं लगती, जिसके कारण जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती।

# चंडीगढ़ ऑपरेशन सेल के हत्थे चढ़ा 22 मामलों का हिस्ट्रीशीटर, दो पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़ /यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस के ऑपरेशन सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी और सेक्टर-39 थाने का घोषित भगोड़ा (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर) मोहम्मद इरफान उर्फ राजू खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ चंडीगढ़ के विभिन्न थानों में लूट, स्नैचिंग, चोरी, मारपीट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत 22 से अधिक मामले दर्ज हैं।

एसपी ऑपरेशंस के निर्देश और डीएसपी ऑपरेशंस रंजीत सिंह के



मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर जसपाल सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 4 जुलाई को मलोया निवासी मोहम्मद इरफान उर्फ राजू खान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना सेक्टर-31 में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपनी सुरक्षा के लिए मालोया कॉलोनी निवासी रिंकू उर्फ पाक-पाक से अवैध हथियार हासिल किए थे। उसने यह भी बताया कि उसने एक 9 एमएम पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस कॉलोनी नंबर-4 क्षेत्र में पत्थर के नीचे छिपा रखे हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त पिस्टल, मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिए।

जांच में सामने आया कि बरामद 9 एमएम पिस्टल चोरी की थी। यह पिस्टल सेक्टर-21ए स्थित एक घर से चोरी की गई थी और पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी की सर्विस रिवॉल्वर थी, जो चंडीगढ़ में एक सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात है। इस मामले में पहले से थाना सेक्टर-19 में चोरी का केस दर्ज है।

# पार्क में नशा करते दो युवक पकड़े, पुलिस के हवाले

जीरकपुर /यूटर्न/07 जुलाई। लोहगढ़ स्थित पार्क में कथित तौर पर नशा कर रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोहगढ़ निवासी अवतार सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोमवार रात वह अपने साथियों रविंदर सिंह, मलकीत सिंह, हैप्पी, अमनदीप सिंह और महिकदीप सिंह के साथ पार्क में टहल रहे थे। इसी दौरान पार्क की दीवार के पास बैठे दो युवक सिल्वर फॉयल पर संदिग्ध पदार्थ रखकर उसका सेवन करते दिखाई दिए। रोकने पर दोनों भागने लगे, लेकिन लोगों ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से सिल्वर फॉयल, लाइटर और 20 रुपये का रोल किया हुआ नोट बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान अनिल चौधरी निवासी चौधरी कॉलोनी, सिग्मा सिटी जीरकपुर और विजय चौहान निवासी गाजीपुर रोड, सब्जी मंडी के पीछे जीरकपुर के रूप में हुई। थाना जीरकपुर पुलिस ने शिकायत और बरामद सामान के आधार पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 27/61/85 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रात अधिक होने के कारण तत्काल मेडिकल परीक्षण नहीं हो सका। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 23 दिनों में 13 भगोड़े और फरार आरोपी गिरफ्तार, 2 एनबीडब्ल्यू व 1 री-अरेस्ट वारंट भी किया निष्पादित

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस के पीओ एवं समन स्टाफ ने 12 जून से 4 जुलाई 2026 के बीच विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी यूटी चंडीगढ़ के निदेर्शो तथा डीएसपी डीसीसी पी. अभिनंदन और इंस्पेक्टर हरभजन सिंह के नेतृत्व में टीम ने 7 राज्य मामलों के घोषित अपराधियों (पीओ), 3 एनआई एक्ट मामलों के पीओ, 2 गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) और 1 री-अरेस्ट वारंट को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। इस दौरान पुलिस ने हत्या, लूट, चोरी, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, पॉक्सो और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को चंडीगढ़, मोहाली, देहरादून, गुरुग्राम



और अन्य स्थानों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में दीनेश पाल उर्फ काला, ममता सूद, अंकित उर्फ सूर, सूरज पाल उर्फ साहिल, हैप्पी उर्फ चैंप, मोहम्मद आशिक उर्फ आशिफ, किशन उर्फ मुलायम, सुरेंद्र सिंह, विकास कुमार मल्होत्रा और अजय कुमार शामिल हैं। इनमें हैप्पी उर्फ चैंप पर पहले से 14 आपराधिक





मामले दर्ज हैं और वह एक जघन्य अपराध मामले में भी घोषित अपराधी था। सबसे महत्वपूर्ण गिरफ्तारी मोहम्मद आशिक उर्फ आशिफ की रही, जो वर्ष 2021 के पॉक्सो और दुष्कर्म मामले में करीब चार वर्षों से फरार चल रहा था। पीओ एवं समन स्टाफ ने लगातार तलाश और तकनीकी जांच के बाद उसे उत्तराखंड के देहरादून स्थित कर्गी ग्राम बनजारावाला से गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई के लिए थाना सेक्टर-3 पुलिस को सौंप दिया। इसके अलावा पुलिस ने दो गैर-जमानती वारंट भी निष्पादित किए, जिनमें एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जबकि दूसरे को अदालत से जमानत मिल गई। वहीं, वर्ष 2018 में एनआई एक्ट के तहत दोषी करार दी गई सनीत कौर को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर री-अरेस्ट वारंट निष्पादित करते हुए बुरैल जेल भेज दिया गया। चंडीगढ़ पुलिस ने कहा कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और लंबित वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि कानून से बचने वाले आरोपियों को न्याय के कटघरे में लाया जा सके।

# लॉरेंस पर यूएसए में मर्डर केस दर्ज, एफबीआई अमेरिका ले जाएगी, गोल्डी बराड़ पर 50 हजार डॉलर इनाम

## एफबीआई का दावा - दोनों ने कनाडा में निज्जर की हत्या कराई

पंजाब/यूटर्न/8 जुलाई। कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका ने पहली बार चार्जशीट दाखिल की है। इसमें दावा है कि हत्या का आदेश भारतीय जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई और फरार चल रहे गोल्डी बराड़ ने दिया था। अमेरिकी सरकार के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई भारतीय जेल में रहते हुए भी अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क चला रहा था। वह जेल में तस्करी से पहुंचाए गए मोबाइल फोन और इंटरनेट कॉलिंग डिवाइस के जरिए हत्या, रंगदारी, अपहरण, ड्रग्स और मानव तस्करी जैसी गतिविधियों का निर्देश देता था।

अमेरिका लॉरेंस समेत कई भारतीय अपराधियों के नेटवर्क पर कार्रवाई करने के लिए ऑपरेशन हार्ड बॉल चला रहा है। इसी के तहत 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 37 लोगों के खिलाफ अमेरिकी फेडरल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। रिपोर्ट में भारतीय जेल में बंद जग्गू भगवानपुरिया, सुखराज सिंह कंग समेत कई नाम हैं। अमेरिकी एजेंसियां 10 फरार आरोपियों की तलाश कर रही हैं। इसके साथ ही गोल्डी बराड़ पर 50 लाख का इनाम रखा है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक अमेरिका इनमें से भारतीय जेल में बंद सभी अपराधियों के प्रत्यर्पण की मांग कर सकता है।




### आरोप सिर्फ अपराधियों पर, सरकार का जिक्र नहीं

पूरे अमेरिकी आरोप पत्र और प्रेस रिलीज में भारत सरकार, रॉ, एनआईए या किसी भारतीय सरकारी अधिकारी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। आरोप केवल कथित आपराधिक गिरोहों और उनके सदस्यों पर हैं। अमेरिका, कनाडा और यूरोप ने संयुक्त अभियान ऑपरेशन हार्ड बॉल चलाकर भारत से जुड़े तीन अंतरराष्ट्रीय अपराध गिरोहों पर कार्रवाई की। इसमें 37 लोगों पर आरोप लगाए गए और 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### बिश्नोई पर जेल से गैंग चलाने का आरोप

अमेरिकी आरोपपत्र के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई भारत की जेल में रहते हुए मोबाइल और इंटरनेट कॉलिंग डिवाइस के जरिए हत्या, रंगदारी, अपहरण, ड्रग्स और मानव तस्करी जैसे अपराधों का संचालन करता था। अमेरिकी न्याय विभाग का आरोप है कि 18 जून 2023 को कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आदेश लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, गिरोह वॉट्सऐप और अन्य एन्क्रिप्टेड ऐप के जरिए धमकी देकर रंगदारी वसूलता था। साथ ही ड्रग्स तस्करी और प्रतिद्वंद्वी गिरोहों से कोकीन लूटकर अपना नेटवर्क चलाता था।

# डेराबस्सी नगर परिषद को मिला नया नेतृत्व, आशु उपनेजा बनीं प्रधान

## नगर परिषद की कमान आशु उपनेजा के हाथ, उपप्रधान बने दविंदर सैनी






डेराबस्सी/यूटर्न/07 जुलाई। नगर परिषद डेराबस्सी को बुधवार को नया नेतृत्व मिल गया। वार्ड-15 से निर्वाचित पार्षद आशु उपनेजा को सर्वसम्मति से परिषद का प्रधान चुना गया, जबकि वार्ड-1 के पार्षद दविंदर सैनी उपप्रधान निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया एसडीएम एवं चुनाव कन्वीनर अमित गुप्ता की देखरेख में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा भी मौजूद रहे।

बैठक की शुरूआत नव निर्वाचित 19 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के साथ हुई। इसके बाद प्रधान पद के लिए आशु उपनेजा के नाम पर सभी पार्षदों ने सहमति जताई। वहीं उपप्रधान पद पर दविंदर सैनी को बहुमत का समर्थन मिला। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नवनिर्वाचित प्रधान और उपप्रधान को बधाई देते हुए कहा कि नगर परिषद का फोकस शहर के विकास कार्यों को गति देने और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान पर रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्य राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीसरे उपप्रधान के पद के लिए आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार चुनाव कराया जाएगा।

गौरतलब है कि 19 सदस्यीय नगर परिषद में आम आदमी पार्टी के 12, शिरोमणि अकाली दल के 3, कांग्रेस के 2 और भाजपा के 2 पार्षद हैं। बहुमत के आधार पर परिषद में आम आदमी पार्टी का नेतृत्व कायम रहा। चुनाव के बाद विधायक रंधावा की अगुवाई में नवनिर्वाचित प्रधान और उपप्रधान का शहर में स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोड शो भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

# सदर थाने पर हैंड ग्रेनेड फेंकने की आशंका, जानमाल का नुकसान नहीं, पुलिस का इन्कार



पंजाब/यूटर्न/8 जुलाई। मोगा-फिरोजपुर जीटी रोड पर स्थित थाना सदर पर आज सुबह मोटरसाइकिल सवार 2 युवकों द्वारा हैंड ग्रेनेड फेंके जाने की आशंका है। हालांकि ग्रेनेड फटा नहीं और इससे कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। जिला मोगा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस घटना की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, हैंड ग्रेनेड के नहीं फटने के कारण किसी तरह के धमाके की आवाज नहीं सुनी गई। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पत्रकार थाना सदर पहुंचे, लेकिन थाने का मुख्य गेट बंद था। थाने के बाहर विभिन्न टीमें जांच में जुटी हुई थीं। जिला पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन में सरगर्मी बढ़ गई है। पुलिस की टीमें इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

# खामोशी की गूंज : जीएचजी एकेडमी में मूक अभिनय प्रतियोगिता के जरिए उजागर हुआ सोशल मीडिया का स्याह सच



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/जुलाई। जी.एच.जी. एकेडमी में हाल ही में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष 'अंतर-सदन मूक अभिनय प्रतियोगिता' (Inter-House Mime Competitio»»f) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय सोशल मीडिया की चकाचौंध का अंधकारमय पक्ष था। बिना किसी संवाद के, केवल अपने हाव-भाव, शारीरिक भाषा (Body Language) और मर्मस्पर्शी पृष्ठभूमि संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों ने मंच पर एक सशक्त संदेश दिया। नन्हे कलाकारों ने सोशल मीडिया की लत, दिखावे की अंधी दौड़, साइबर बुलिंग (Cyber Bullying), नकली पहचान और वास्तविक रिश्तों के खोते जा रहे महत्त्व को इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। प्रतियोगिता के दौरान हर सदन ने अपनी अनूठी सोच और रचनात्मकता का परिचय दिया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के शानदार अभिनय, टीम वर्क और सामाजिक मुद्दों के प्रति उनकी गहरी समझ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

**प्रतियोगिता के परिणाम:** अकादमी के इस आयोजन ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और अधिक प्रगाढ़ किया है। परिणामों की घोषणा इस प्रकार रही:

**प्रथम स्थान:** जुझार हाउस **द्वितीय स्थान:** फतेह हाउस
**तृतीय स्थान:** जोरावर हाउस

विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन और सार्थक संदेश देने के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चंडीगढ़ में ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर एकसमान दरों की मांग तेज, एडवोकेट उज्जवल भसीन ने उठाया मुद्दा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। चंडीगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के सरकारी दावों के बीच ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर अलग-अलग दरें वसूले जाने का मुद्दा अब बड़ा विवाद बनता जा रहा है। शहर के विभिन्न चार्जिंग स्टेशनों पर उपभोक्ताओं से 11 रुपये से लेकर 22 रुपये प्रति यूनिट तक शुल्क लिया जा रहा है, जिससे ईवी मालिकों में असंतोष बढ़ रहा है। अब उपभोक्ता और विशेषज्ञ पूरे शहर के लिए एकसमान चार्जिंग टैरिफ लागू करने की मांग उठा रहे हैं।

इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए एडवोकेट उज्जवल भसीन ने कहा कि एक ही शहर में चार्जिंग के लिए अलग-अलग दरें वसूला जाना न केवल उपभोक्ताओं के लिए भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की गति को भी प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब पेट्रोल और डीजल के दाम एक समान होते हैं, तो ईवी चार्जिंग के लिए इतनी बड़ी दर असमानता समझ से परे है।

भसीन ने कहा कि केंद्र और प्रशासन लगातार लोगों को पारंपरिक ईंधन से इलेक्ट्रिक



वाहनों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, लेकिन चार्जिंग स्टेशनों पर मनमाने शुल्क इस प्रयास को कमजोर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईवी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए सबसे जरूरी है कि उपभोक्ताओं को सस्ती, पारदर्शी और अनुमानित लागत पर चार्जिंग सुविधा उपलब्ध हो।

ईवी चालकों का कहना है कि कई बार वे किसी स्टेशन पर कम दर से वाहन चार्ज करते हैं, जबकि दूसरे स्टेशन पर उन्हें दोगुनी कीमत चुकानी पड़ती है। इससे वाहन संचालन की लागत का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है। उपभोक्ताओं का मानना है कि चार्जिंग शुल्क में एकरूपता आने से लोगों का विश्वास बढ़ेगा और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की रफ्तार तेज होगी। एडवोकेट उज्जवल भसीन ने चंडीगढ़ प्रशासन से मांग की है कि शहर के सभी सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए एक समान शुल्क नीति बनाई जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशासन न्यूनतम और अधिकतम दर तय करने के बजाय एक निर्धारित टैरिफ लागू करे, ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो सके और चंडीगढ़ को वास्तव में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

शहर में ईवी चार्जिंग दरों को लेकर शुरू हुई यह बहस अब उपभोक्ता अधिकारों और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी नीति से जुड़ा अहम मुद्दा बनती जा रही है। आने वाले दिनों में प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है, इस पर ईवी उपयोगकर्ताओं की नजरें टिकी हुई हैं।

# सेक्टर 11 केमिस्ट शॉप मर्डर की जांच में खुला पाकिस्तान लिंक, जेल में बंद गैंगस्टर निकला मास्टरमाइंड

## 3 किलो आईसीई, 8 लाख के नकली नोट और पिस्तौल बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। सेक्टर-11 स्थित केमिस्ट शॉप हत्याकांड की जांच में चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक सीमा पार और अंतरराज्यीय नार्को-टेरर तथा नकली भारतीय मुद्रा (एफआईसीएन) नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पूरे गिरोह के मास्टरमाइंड गैंगस्टर धर्मिंदर सिंह उर्फ गोली उर्फ बलविंदर सिंह उर्फ एचएसजेड को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है।

चंडीगढ़ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.028 किलोग्राम आईसीई (मेथामफेटामाइन), आठ लाख रुपये के नकली भारतीय नोट और दो अत्याधुनिक पिस्तौल मैगजीन सहित बरामद किए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि यह नेटवर्क पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार, नशीले पदार्थ और नकली नोट मंगाकर पंजाब और चंडीगढ़ में सप्लाई कर रहा था। यह कार्रवाई डीजीपी यूटी चंडीगढ़ डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईजीपी पुष्पेंद्र कुमार और एसपी क्राइम मनजीत सिंह के निर्देशन तथा डीएसपी क्राइम लक्ष्य पांडे के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह पटियाल के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन क्राइम की टीम ने की।



### ड्रोन, एन्क्रिप्टेड ऐप और जेल से संचालित होता था नेटवर्क

जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान और विदेश में बैठे हैंडलर पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन के जरिए हथियार, ड्रग्स और नकली नोट गिराते थे। इसके बाद स्थानीय नेटवर्क इन खेपों को उठाकर आगे सप्लाई करता था। पुलिस के अनुसार, पूरा गिरोह एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लीकेशनों के जरिए संपर्क में रहता था ताकि सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके। इस पूरे नेटवर्क का संचालन कपूरथला जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर धर्मिंदर सिंह उर्फ गोली कर रहा था, जिसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट समेत 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जम्मू-कश्मीर से बुलाए गए शूटर

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह ने जम्मू-कश्मीर से शूटर बुलाए थे। उन्हें ठहराने की व्यवस्था की गई, अवैध हथियार उपलब्ध कराए गए और वारदात से पहले पिस्तौलों की टेस्ट फायरिंग भी करवाई गई। इसके बाद चंडीगढ़ में हिंसक वारदातों को अंजाम देने के लिए रेकी की गई।

### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है—

- गुरमीत सिंह उर्फ बादशाह (31), निवासी गांव पंडोरी गोला, जिला तरनतारन : इसने जम्मू से आए शूटरों को ठहराने, हथियार उपलब्ध कराने और उनकी टेस्ट फायरिंग कराने में अहम भूमिका निभाई। इसके कब्जे से एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद हुई।
- आकाश कुमार उर्फ मनी (28), निवासी मिशन कंपाउंड, तरनतारन : यह विदेशी हैंडलरों के संपर्क में था और हथियार, आईसीई ड्रग तथा नकली नोटों की सप्लाई करता था। इसके कब्जे से 3.028 किलो आईसीई और आठ लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए।
- सचिन सिलवेस्टर (30), निवासी मिशन कंपाउंड, तरनतारन : यह अवैध हथियार, नशीले पदार्थ और नकली नोटों की ढुलाई और सप्लाई में सक्रिय था। इसके कब्जे से एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद हुई।
- धर्मिंदर सिंह उर्फ गोली उर्फ बलविंदर सिंह उर्फ एचएसजेड : यह पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड है और वर्तमान में कपूरथला जेल में बंद है। पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# PGI 2.0 में चंडीगढ़ देश में नंबर-1, 'उत्तम-3' ग्रेड हासिल करने वाला एकमात्र राज्य/यूटी बना







चंडीगढ़/यूटर्न/07 जुलाई। शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक (PGI) 2.0, 2025-26 में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पहला स्थान हासिल किया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी सूचकांक में चंडीगढ़ ने 1000 में से 766 अंक प्राप्त किए हैं और 'उत्तम-3' ग्रेड हासिल करने वाला देश का एकमात्र राज्य/केंद्रशासित प्रदेश बन गया है। चंडीगढ़ ने पिछले वर्ष के 739.1 अंकों की तुलना में इस बार 26.9 अंकों (3.64 प्रतिशत) की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस वर्ष कोई भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश 'उत्कर्ष', 'उत्तम-1' या 'उत्तम-2' श्रेणी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि चंडीगढ़ ने 'उत्तम-3' ग्रेड हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाई है।

सूचकांक के अनुसार चंडीगढ़ ने पंजाब (723.6), दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव (723.8), केरल (716.8) और दिल्ली (712.2) से 42 से 54 अंक अधिक प्राप्त किए। वहीं, सबसे कम अंक प्राप्त करने वाले राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की तुलना में चंडीगढ़ का स्कोर 240.3 अंक अधिक रहा।

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन...** चंडीगढ़ ने छह में से पांच प्रमुख डोमेन में 'उत्तम' या उससे बेहतर ग्रेड प्राप्त किया। डोमेन-4 (समानता/इक्विटी) में 260 में से 239.8 अंक यानी 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर 'उत्कर्ष' ग्रेड प्राप्त किया। इस श्रेणी में शीर्ष ग्रेड हासिल करने वाले देश के केवल तीन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में चंडीगढ़ शामिल है। इसके अलावा डोमेन-2 (शिक्षा तक पहुंच) में 90.6 प्रतिशत और डोमेन-6 (शिक्षक शिक्षा एवं प्रशिक्षण) में 85.5 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि किसी भी डोमेन में चंडीगढ़ का प्रदर्शन ह्यप्रचेस्ता-2ह्व श्रेणी से नीचे नहीं रहा।

# खन्ना में छत पर चढ़ा युवक शातिर बदमाश निकला, लाखों रुपए की सोना चोरी में वांटेड

खन्ना/यूटर्न/8 जुलाई। खन्ना स्थित बुलेपुर गांव में छत पर चढ़कर अपने एनकाउंटर की आशंका जताने वाला युवक शातिर अपराधी निकला। पुलिस की गहन पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह खन्ना सिटी थाना-2 में दर्ज लाखों रुपए की सोना चोरी के मामले में लंबे समय से वांछित था। पुलिस ने उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है और आज अदालत में पेश कर रिमांड हासिल करने की तैयारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बुलेपुर, खन्ना निवासी दिलदीप सिंह उर्फ दीपी के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है



कि दीपी खन्ना और आसपास के इलाकों में सक्रिय सब्बल गैंग का एक सक्रिय सदस्य है। यह गैंग कई बड़ी चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस के अनुसार, जनवरी 2026 में दर्ज लाखों के सोना चोरी मामले में इस गैंग के आठ सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। हालांकि, दीपी तब से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और लगातार अपनी पहचान छिपा रहा था।

### *आरोपी विदेश नंबर करता था इस्तेमाल*

*पूछताछ के दौरान पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी भारतीय नंबर की बजाय विदेशी, खासकर यूके नंबर का इस्तेमाल कर रहा था। वह इसी नंबर पर व्हाट्सएप चलाकर अपने साथियों से संपर्क करता था और लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि वह विदेश में रह रहा है। पुलिस का मानना है कि उसने अपनी लोकेशन छिपाने और पुलिस की निगरानी से बचने के लिए विदेशी नंबर का उपयोग किया।*

# कांग्रेस प्रभारी बघेल की दो-टूक, राजा वड़िंग ही रहेगें प्रधान, बैकफुट पर आए चन्नी

पंजाब/यूटर्न/8 जुलाई। पंजाब कांग्रेस में चुनाव से पहले चल रहे अंदरूनी कलह लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन बुधवार को हाईकमान के सख्त तेवर के बाद विवाद काफी हद तक शांत हो गया है। दरअसल, पंजाब दौरे पर आए एआईसीसी प्रभारी भूपेश बघेल ने पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी और उनके समर्थकों को दोटूक कह दिया है कि प्रधान बदलना गुड्डे-गुड्डियों का खेल नहीं है। हाईकमान अपना फैसला नहीं बदलेगा। बघेल ने कहा कि चन्नी





के साथ उनकी बात हुई है। चन्नी अभी बाहर हैं। इसके अलावा सुखजिंदर सिंह रंधावा से भी बात हुई है। उन्होंने कहा कि मैं सब के पास जाउंगा। बघेल का कहना है कि राजा वडिंग को 23 जिला प्रधानों का समर्थन है। मीटिंग में जिला प्रधान अपनी सहमति दे चुके हैं।

वहीं बुधवार को पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी से कांग्रेस में उनकी नाराजगी को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरा मकसद कांग्रेस को आगे ले जाना है। बाकी इस मामले में कुछ नहीं कहेंगे। राहुल गांधी मेरे लीडर हैं और रहेंगे। सभी मसले जल्द ही सुलझा लिए जाएंगे। पार्टी जो रणनीति बनाएगी, उसी तरह आगे बढ़ेंगे।

# जाह्नवी कपूर का शिमरी गाउन लुक वायरल



अभिनेत्री जाह्नवी कपूर एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने सिल्वर और शिमरी गाउन में अपना नया ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। वन-शोल्डर डिजाइन और एलिगेंट स्टाइल ने उनके लुक को खास बना दिया। मिनिमल मेकअप, स्टाइलिश हेयरस्टाइल और पर्ल ईयररिंग्स ने उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। फैंस उनके इस फैशन स्टेटमेंट की जमकर तारीफ कर रहे हैं और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। जाह्नवी का यह लुक एक बार फिर उन्हें बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश अभिनेत्रियों में शामिल करता नजर आ रहा है।

# 2400 कैप्सूल से खुली नशे की सप्लाई चेन, 48,455 गोलियां-कैप्सूल बरामद

## मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं की सप्लाई, जीरकपुर पुलिस ने किया पदार्फाश

जीरकपुर/यूटर्न/07 जुलाई। जीरकपुर पुलिस ने नशीली दवाओं की सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर कुल 48,455 नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए हैं। जांच की शुरूआत 2400 नशीले कैप्सूल के साथ पकड़े गए हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर निवासी संजय कुमार से हुई थी।

पुलिस पूछताछ में संजय कुमार ने खुलासा किया कि वह उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित अमित मेडिकल स्टोर से नशीली दवाएं लाकर पंजाब में सप्लाई करता था। इसी





इनपुट पर जीरकपुर पुलिस ने अदालत से सर्च और गिरफ्तारी वारंट हासिल कर ग्रेटर नोएडा में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने रवि कुशवाहा को गिरफ्तार किया। उसके मेडिकल स्टोर और रिहायशी कमरे की तलाशी में 16,800 स्पास्मो कैप्सूल, 8,640 स्पास्मो प्रॉक्सीवोन प्लस कैप्सूल, 17,015 प्रॉक्सीको स्पा कैप्सूल और 6,000 अल्प्राजोलम 0.5 एमजी गोलियां बरामद हुई।

पुलिस ने रवि कुशवाहा को अदालत में पेश कर चार दिन का रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान दवाओं के स्रोत, सप्लाई रूट और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है।

# समापन पर भक्ति रस में डूबा पंडाल, 'मेरी चौखट पर चल के आज चारों धाम आए हैं' भजन ने बांधा समां








लुधियाना/यूटर्न/07 जुलाई। साउथ सिटी के कार्टन वुड स्थित कारोबारी राजीव गर्ग के निवास पुष्प वाटिका में चल रही साप्ताहिक श्रीराम कथा का समापन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और भगवान श्रीराम के भजनों व कथा रस का आनंद लिया।

कथा वाचक ने कहा कि भगवान की प्राप्ति केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि सच्चे भाव और भक्ति से होती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में नाम-सिमरन और भजन ही मनुष्य को प्रभु से जोड़ने का सरल मार्ग है।

इस दौरान जब भजन 'मेरी चौखट पर चल के आज चारों धाम आए हैं' प्रस्तुत किया गया तो पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए और जय श्रीराम के जयकारों से माहौल गूंज उठा। समापन पर आयोजकों ने कथा में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

# लुधियाना से 'हार्ट डिजीज फ्री पंजाब' मिशन की शुरूआत

## जरूरतमंदों के लिए नि:शुल्क हृदय जांच से लेकर एंजियोग्राफी, स्टेंटिंग और बाईपास सर्जरी तक की सुविधा

अशोक सहगल



लुधियाना/यूटर्न/07 जुलाई। समाज सेवा की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कदम उठाते हुए हार्ट डिजीज फ्री वर्ल्ड फाउंडेशन एवं श्री गुरु हरकिशन साहिब चैरिटेबल अस्पताल ने संयुक्त रूप से प्रथम मेगा हृदय जांच एवं नि:शुल्क उपचार शिविर का आयोजन किया। अपने आप में अनूठे इस शिविर में 250 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। मरीजों के लिए ईसीजी, ईको, टीएमटी, रक्तचाप, रक्त शर्करा, एचबीए1सी एवं किडनी जांच नि:शुल्क की गई, जबकि आवश्यकता पड़ने पर एंजियोग्राफी, स्टेंटिंग एवं बाईपास सर्जरी भी पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। आयोजकों के अनुसार यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम होगा। लुधियाना के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं पंचम अस्पताल के डॉ. हरसिमरन सिंह (गोल्ड मेडलिस्ट) द्वारा मरीजों की हृदय जांच एवं परामर्श किया गया। उन्होंने हार्ट डिजीज फ्री पंजाब मिशन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। श्री गुरु हरकिशन साहिब चैरिटेबल अस्पताल एवं हार्ट डिजीज फ्री वर्ल्ड फाउंडेशन की टीम ने कहा कि यह अभियान केवल एक शिविर नहीं, बल्कि हार्ट डिजीज फ्री पंजाब₹ के संकल्प की पहली मजबूत शुरूआत है। इसका उद्देश्य हृदय रोगों से होने वाली रोकी जा सकने वाली मौतों को कम करना, समय पर जांच की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा किसी भी जरूरतमंद को आर्थिक तंगी के कारण उपचार से वंचित न रहने देना है। टीम ने विश्वास जताया कि जनसहयोग और सामाजिक भागीदारी से यह मिशन पूरे पंजाब में एक जनआंदोलन का रूप लेगा।


# संगीतमय श्री सुंदर काण्ड पाठ की चौपाइयों पर मंत्रमुग्ध हुए भक्तजन



मनोज माटा

लुधियाना/यूटर्न/8 जुलाई। गुड़मंडी स्थित महावीर मंदिर मे राष्ट्रीय हिंदू मंच पंजाब व महावीर मंदिर ट्रस्ट की ओर से मासिक श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन प्रधान पवन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम पंडित अजीत दुबे व राजेश तिवारी द्वारा मंत्रोचारण के साथ बाला जी का आह्वान किया गया। महिला संकीर्तन मंडल की प्रधान सुनीता शर्मा, ज्योति, उर्मिला शर्मा, संतोष, नीलम रानी, बबिता सूद, मंजू मल्होत्रा, हिना, त्रिमिला, अंजू, वीना, मंजू, सविता सूद, गीता सूद, प्रोमिला, मधु बांसल, मधु गुप्ता, वीणा, सुदर्शन, अनिता थापर, वीणा दत्ता द्वारा संगीतमय श्री सुंदर काण्ड पाठ का गायन किया गया। इस अवसर पर सुनीता शर्मा ने कहा कि हनुमान जी की आराधना और सुंदरकांड का पाठ करने से मनवांछित फल मिलता है, सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन के संकट दूर होते हैं।

# सीवरेज साफ किया, गंदगी सड़क पर छोड़ गए कर्मचारी, 24 घंटे बदबू से परेशान रहे प्रीत विहार के लोग




जीरकपुर/यूटर्न/07 जुलाई। बलटाना के प्रीत विहार में सीवरेज सफाई के बाद निकला कचरा सड़क पर छोड़ने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। करीब 24 घंटे तक सड़ी-गली गाद और गंदगी सड़क किनारे पड़ी रही, जिससे इलाके में दुर्गंध फैल गई। बरसात के मौसम में इस लापरवाही से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार नगर परिषद कर्मचारी मंगलवार को सीवरेज की सफाई करने आए थे। सफाई के दौरान निकला कचरा सड़क पर ढेर लगाकर कर्मचारी चले गए। नियमों के अनुसार ऐसे कचरे को तुरंत उठाकर डंपिंग ग्राउंड भेजा जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

वार्ड नंबर-3 के पार्षद देवेंद्र नेगी ने बताया कि उन्होंने संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को कई बार फोन किए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनके अनुसार जेई सवनीत सिंह से भी संपर्क किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। आखिरकार लोगों की परेशानी देखते हुए उन्होंने बुधवार दोपहर निजी मजदूर बुलाकर अपनी जेब से पैसे खर्च कर कचरा उठवाया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि नगर परिषद सफाई व्यवस्था पर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हालात अलग हैं। लोगों ने जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जेई सवनीत सिंह से संपर्क नहीं हो पाया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372